DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

**T.B.C.**

**Serial No.**

**Test Booklet Series**

# A

# TEST BOOKLET

## Polity

## Test-1

**Time Allowed: 1 Hrs.** **Maximum Marks: 100**

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES NOT HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. You have to enter your **Roll Number** on the Test Booklet in the Box provided alongside. **DO NOT** write anything else on the Test Booklet.
3. This Test Booklet contains **50** questions. Each item is printed in **Hindi**. Each comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ONLY ONE response for each item.
4. You have to mark all your responses **ONLY** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
5. **All** questions carry equal marks.
6. **Penalty for wrong answeres:**

**THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN ALL THE QUESTIONS**

There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer is given by the candidate, one-third of the marks assigned to that question will be deducted as penalty. If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a wrong answer even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question. If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be no penalty for that question.

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्न आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना **अनुक्रमांक** लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और **कुछ न लिखें।**

इस परीक्षण पुस्तिका में 50 प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न **हिन्दी** में छपा है। प्रत्येक प्रश्न में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।

3. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर **अलग** से दिए गए उत्तर पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
4. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

**सभी प्रश्नों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

प्रत्येक के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए हेतु नियत किए गए अंकों का एक-तिहाई दण्ड के रूप में काटा जाएगा। यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे गलत उत्तर माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा। यदि उम्मीदवार द्वारा कोई हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस के लिए कोई दण्ड नहीं दिया जाएगा।

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

# Test Paper

**Q 1. अनुच्छेद 12 के अंतर्गत राज्य में शामिल नहीं है:**

(a) राज्य सरकार
(b) न्यायपालिका
(c) तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम
(d) भारतीय जीवन बीमा निगम

**Q 2. निम्नलिखित में से कौन-सा 'राज्य' शब्द को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?**

(a) व्यक्तियों का एक समुदाय, जो बिना किसी बाह्य नियंत्रण के एक निश्चित भूभाग में स्थायी रूप से निवास करता है और जिसकी एक संगठित सरकार है।
(b) एक निश्चित भू-भाग के राजनैतिक रूप से संगठित लोग, जो स्वयं पर शासन करने, कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने, अपने नैसर्गिक अधिकारों की रक्षा करने तथा अपनी जीविका के साधनों को सुरक्षित रखने का अधिकार रखते हैं।
(c) बहुत से व्यक्ति, जो एक निश्चित भूभाग में बहुत लंबे समय से अपनी संस्कृति, परंपरा और शासन व्यवस्था के साथ रहते आए हैं।
(d) एक निश्चित भूभाग में स्थायी रूप से रह रहा समाज, जिसकी एक केन्द्रीय प्राधिकारी तथा केन्द्रीय प्राधिकारी के प्रति उत्तरदायी कार्यपालिका और एक स्वतंत्र न्यायपालिका है।

**Q 3. संवैधानिक सरकार का आशय क्या है?**

(a) किसी राष्ट्र की परिसंघीय संरचना वाली एक प्रतिनिधि सरकार
(b) कोई सरकार, जिसके प्रमुख के पास नाममात्र की शक्तियाँ हों
(c) कोई सरकार, जिसके प्रमुख के पास वास्तविक शक्तियाँ हों
(d) कोई सरकार, जो संविधान की सीमाओं से परिबद्ध हो

**Q 4. निम्नलिखित मूल अधिकारों में से अस्पृश्यता का उन्मूलन किस मूल अधिकार से संबंधित है?**

(a) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(b) स्वतंत्रता का अधिकार
(c) संविधानिक उपचार का अधिकार
(d) समता का अधिकार

**Q 5. भारत के संविधान की उद्देशिका के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. किसी विधि या नीति को उच्चतम न्यायालय में उद्देशिका के उल्लंघन के आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती।
2. न्यायालय उद्देशिका को लागू करने के लिए कार्यपालिका या पुलिस को कोई आदेश नहीं दे सकता।

कूटः

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**Q 6. भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने के किसी व्यक्ति के अधिकार को संरक्षण देता है?**

(a) अनुच्छेद 19
(b) अनुच्छेद 21
(c) अनुच्छेद 25
(d) अनुच्छेद 29

**Q 7. संविधान में उल्लेखित स्वतंत्रता के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. स्वतंत्रता का अर्थ लोगो की गतिविधियों पर किसी प्रकार की रोकटोक की अनुपस्थिति तथा व्यक्ति के विकास के लिए अवसर प्रदान करना है।
2. स्वतंत्रता के अधिकार का उपयोग संविधान में लिखी सीमाओं के भीतर ही किया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन- सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**Q 8. संविधान की प्रस्तावना में स्वतंत्रता , समानता एवं बंधुत्व का आदर्श कहाँ से लिया गया है?**

(a) फ्रांस की क्रांति
(b) अमेरिकी क्रांति
(c) रूस की क्रांति
(d) औद्योगिक क्रांति

**Q 9. निम्नलिखित में से किसे "विधि के शासन" के प्रमुख लक्षणों के रूप में माना जाएगा ?**

1. शक्तियों का परिसीमन
2. विधि के समक्ष समता
3. सरकार के प्रति जन- उत्तरदायित्व
4. स्वतन्त्रता और नागरिक अधिकार

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

*(a)* केवल 1 और 3
*(b)* केवल 2 और 4
*(c)* केवल 1, 2 और 4
*(d)* 1, 2, 3 और 4

**Q 10. निजता के अधिकार को जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतन्त्रता के अधिकार के अंतर्भूत भाग के रूप में संरक्षित किया जाता है। भारत के संविधान में निम्नलिखित में से किसमें निजता का अधिकार सम्मिलित है ?**

*(a)* अनुच्छेद 14 एवं संविधान के 42वें संशोधन के अधीन उपबंध।
*(b)* अनुच्छेद 17 एवं भाग IV में दिए राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व।
*(c)* अनुच्छेद 21 एवं भाग III में गारंटी की गई स्वतंत्रताएँ।
*(d)* अनुच्छेद 24 एवं संविधान के 44वें संशोधन के अधीन उपबंध।

**Q 11. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है ?**

*(a)* अधिकार नागरिकों के विरुद्ध राज्य के दावे हैं।
*(b)* अधिकार वे विशेषाधिकार हैं जो किसी राज्य के संविधान में समाविष्ट हैं ।
*(c)* अधिकार राज्य के विरुद्ध नागरिकों के दावे हैं ।
*(d)* अधिकार अधिकांश लोगों के विरुद्ध कुछ नागरिकों के विशेषाधिकार हैं ।

**Q 12. निम्नलिखित में से कौन-सी स्वतंत्रता भारत के संविधान की उद्देशिका में उल्लेखित नहीं है ?**

*(a)* विचार की स्वतंत्रता
*(b)* आर्थिक स्वतंत्रता
*(c)* अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
*(d)* विश्वास की स्वतंत्रता

**Q 13. लोकतंत्र के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. लोकतंत्र में एक साधारण व्यक्ति भी विशिष्ट बन जाता है।
2. लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा का समान सम्मान होता है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?**

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों
*(d)* न तो 1 और न ही 2

**Q 14. समाज और राज्य के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. समाज के लिए भूभाग का होना अनिवार्य नहीं होता जबकि राज्य के लिए भूभाग का होना आवश्यक है।
2. समाज के पास संप्रभुता नहीं होती जबकि राज्य की मूल विशेषता ही संप्रभुता है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों
*(d)* न तो 1 और न ही 2

**Q 15. भारत के संविधान के निर्माताओं का मत निम्नलिखित में से किसमें प्रतिबिंबित होता है ?**

*(a)* उद्देशिका
*(b)* मूल अधिकार
*(c)* राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व
*(d)* मूल कर्तव्य

**Q 16. भारत के संविधान में शोषण के विरुद्ध अधिकार के अंतर्गत निम्नलिखित में से कितने प्रावधान शामिल है/हैं ?**

1. मानव देह व्यापार और बंधुआ मज़दूरी (बेगारी) का निषेध
2. अस्पृश्यता का उन्मूलन।
3. अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा।
4. कारखानों और खदानों में बच्चों के नियोजन का निषेध।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

*(a)* केवल एक
*(b)* केवल दो
*(c)* केवल तीन
*(d)* सभी चार

**Q 17. भारतीय संविधान की प्रस्तावना को अपनाया गया था-**

(a) 9 दिसंबर 1946
(b) 15 अगस्त 1947
(c) 26 नवंबर 1949
(d) 26 जनवरी 1950

**Q 18. संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित संप्रभुता शब्द के संदर्भ में , निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. भारत न तो किसी अन्य देश पर निर्भर है और न ही किसी अन्य देश का डोमिनियन है।
2 भारत के ऊपर कोई और शक्ति नहीं है तथा यह अपने आंतरिक और बाह्य मामलों में निर्णय लेने हेतु स्वतंत्र है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**Q 19. संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित न्याय के संदर्भ में निम्नलिखित तथ्यों पर विचार कीजिए:**

1. सामाजिक न्याय
2. आर्थिक न्याय
3. राजनैतिक न्याय
4. प्राकृतिक न्याय

**संविधान की प्रस्तावना में उपर्युक्त में से कितने प्रकार के न्याय का उल्लेख नहीं है/हैं ?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

**Q 20. संविधान की उद्देशिका में संशोधन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. उद्देशिका में अब तक केवल एक बार संशोधन किया गया है।
2. 42 वें संविधान संशोधन के माध्यम से , संविधान में समाजवादी, पंथनिरपेक्ष तथा सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न शब्द जोड़ा गया।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**Q 21. समता के संदर्भ में,निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. समाज के किसी भी वर्ग के लिए विशेषाधिकार की अनुपस्थिति।
2. बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर प्रदान करने का उपबंध।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**Q 22. संविधान की उद्देशिका में उल्लेखित समाजवाद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. भारतीय समाजवाद लोकतान्त्रिक/ राज्य आश्रित समाजवाद है।
2. लोकतान्त्रिक समाजवाद,मिश्रित अर्थव्यवस्था में आस्था रखता है, जहां सार्वजनिक और निजी क्षेत्र साथ -साथ मौजूद होते है।
3. लोकतान्त्रिक समाजवाद का उद्देश्य गरीबी, उपेक्षा एवं अवसर की असमानता को समाप्त करना है।
4. भारतीय समाजवाद मार्क्सवाद एवं गाँधीवाद का मिला - जुला रूप है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

**Q 23. संविधान की उद्देशिका में उल्लेखित धर्मनिरपेक्ष शब्द के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. हमारे देश में सभी धर्म समान हैं और उन्हें सरकार का समान संरक्षण प्राप्त है।
2. भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य और धर्म के पूर्णतः अलगाव की बात करती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**Q 24. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित गणतंत्र शब्द के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. भारत का प्रमुख अर्थात राष्ट्रपति निर्वाचित होगा।
2. राजनैतिक संप्रभुता किसी एक व्यक्ति के हाथों में नहीं होगी।
3. विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग की अनुपस्थिति होगी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

*(a)* केवल एक
*(b)* केवल दो
*(c)* सभी तीन
*(d)* कोई नहीं

**Q 25. लोकतंत्र के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**

1. इसमें सर्वोच्च शक्ति जनता के हाथों में होती है।
2. प्रत्यक्ष लोकतंत्र में लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि सर्वोच्च शक्ति का इस्तेमाल करते हैं और सरकार चलाते हुए कानूनों का निर्माण करते हैं।
3. जनमत संग्रह अप्रत्यक्ष लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण औजार है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

*(a)* केवल एक
*(b)* केवल दो
*(c)* केवल तीन
*(d)* कोई नहीं

**Q 26. संविधानवाद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. संविधान होना, संविधानवाद होने की गारंटी नहीं है।
2. ऐसे देश जहां संविधान लिखित रूप में नहीं है, वहाँ संविधानवाद नहीं हो सकता।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?**

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों
*(d)* न तो 1 और न ही 2

**Q 27. मूल अधिकारों की विशेषताओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. कुछ मूल अधिकार नागरिकों को प्राप्त हैं जबकि कुछ विदेशियों को।
2. मूल अधिकार वादयोग्य हैं।
3. कुछ मूल अधिकार नकारात्मक विशेषता वाले हैं जबकि कुछ सकारात्मक हैं।
4. अधिकांश मूल अधिकार स्वयं प्रवर्तित हैं जबकि अन्य विधि द्वारा प्रभावी बनाए जा सकते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

*(a)* केवल एक
*(b)* केवल दो
*(c)* केवल तीन
*(d)* सभी चार

**Q 28. अनुच्छेद 13 के अन्तर्गत विधि की परिभाषा में शामिल हैं:**

1. स्थायी विधि
2. अस्थायी विधि
3. प्रत्यायोजित विधान
4. विधि के गैर विधायी स्रोत -जैसे विधि का बल रखने वाली प्रथा
5. संविधान संशोधन

**कूट :**

*(a)* केवल 1,2 3 और 4
*(b)* केवल 2,3,4 और 5
*(c)* केवल 1,3,4 और 5
*(d)* 1,2,3,4 और 5

**Q 29. विधि के समक्ष समता और विधियों के समान संरक्षण के संदर्भ में,निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. विधि के समक्ष समता का विचार अमेरिका से लिया गया है जिसके अनुसार विधि के समक्ष सभी व्यक्ति समान है।
2. विधियों के समान संरक्षण का अधिकार ब्रिटेन से लिया गया है जिसके अनुसार समान के साथ समान परिस्थितियों में समान व्यवहार किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?**

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों
*(d)* न तो 1 और न ही 2

**Q 30. विधि के समक्ष समता और विधियों के समान संरक्षण के अपवादों में शामिल है/हैं:**

1. राष्ट्रपति /राज्यपाल को प्राप्त शक्तियां।
2. संसद/विधानमंडल के सदन की सत्य कार्यवाही का प्रकाशन।
3. विदेशी राजदूत।
4. संयुक्त राष्ट्र संघ और इसकी एजेंसी।

**कूटः**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

**Q 31. अनुच्छेद 15 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अनुच्छेद 15 केवल भारत के नागरिकों को प्राप्त है।
2. अनुच्छेद 15 के अंतर्गत दिया गया संरक्षण केवल राज्य के विरुद्ध प्राप्त है न कि सामान्य नागरिकों के विरुद्ध।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**Q 32. लोक नियोजन में अवसर की समानता के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. संसद किसी रोजगार विशेष के लिए निवास की शर्त आरोपित कर सकती है।
2. राज्य नियुक्तियों में आरक्षण की व्यवस्था कर सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2
(d) न तो 1 और न ही 2

**Q 33. अनुच्छेद 18 उपाधियों का अंत करता है और इस संदर्भ में, निम्नलिखित प्रावधान करता है-**

1. यह निषेध करता है कि राज्य सेना या विद्या संबंधी सम्मान के सिवा और कोई उपाधि प्रदान नहीं करेगा।
2. यह निषेध करता है कि भारत का कोई नागरिक विदेशी राज्य से कोई उपाधि प्राप्त नहीं करेगा।
3. कोई विदेशी राज्य के अधीन लाभ या विश्वास के किसी पद को धारण करते हुए किसी विदेशी राज्य से कोई भी उपाधि राष्ट्रपति की सहमति के बिना स्वीकार नहीं करेगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

**Q 34. निम्नलिखित में से कौन-से अधिकार प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के संरक्षण के अधिकार का हिस्सा हैं?**

1. किसी राज्य से बाहर न निकाले जाने का अधिकार।
2. विदेश यात्रा करने का अधिकार।
3. मौन रहने की स्वतंत्रता।
4. पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क का अधिकार।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) केवल 3 और 4
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**Q 35. अनुच्छेद 19 के अंतर्गत दी गई स्वतंत्रता में शामिल है/हैं:**

1. राजमार्ग पर धरना प्रदर्शन करना
2. जनजाति क्षेत्र में बसना
3. हड़ताल एवं तालाबंदी का अधिकार

कूटः

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

**Q 36. भारत के भीतर घूमने का अधिकार किस अनुच्छेद से संबंधित है?**

(a) अनुच्छेद 21
(b) अनुच्छेद 19
(c) अनुच्छेद 19 एवं 21 संयुक्त रूप में
(d) अनुच्छेद 16

**Q 37. अनुच्छेद 19 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. प्रारंभ से ही अनुच्छेद 19 में 6 अधिकार थे।
2. इसके तहत दिए गए अधिकारों की रक्षा केवल राज्य के खिलाफ मामले में है न कि निजी मामले में।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों
*(d)* न तो 1 और न ही 2

**Q 38. अनुच्छेद 19 के तहत मौलिक अधिकारों के निलंबन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अनुच्छेद 358 के अनुसार, जब राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की जाती है, तो अनुच्छेद 19 के तहत छः मौलिक अधिकार स्वतः ही निलंबित हो जाते हैं।
2. आपातकाल की समाप्ति के बाद अनुच्छेद 19 स्वतः ही पुनर्जीवित हो जाता है।
3. 44वें संशोधन अधिनियम में कहा गया है कि अनुच्छेद 19 को केवल तभी निलंबित किया जा सकता है जब राष्ट्रीय आपातकाल युद्ध या बाहरी आक्रमण के आधार पर लगाया गया हो, सशस्त्र विद्रोह के मामले में नहीं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

*(a)* केवल एक
*(b)* केवल दो
*(c)* सभी तीन
*(d)* कोई नहीं

**Q 39. अनुच्छेद 21 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अनुच्छेद 21 नागरिक और गैर-नागरिक दोनों के लिए उपलब्ध है।
2. जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से केवल कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के उचित और निष्पक्ष होने पर ही वंचित किया जा सकता है।
3. पुट्टुस्वामी बनाम भारत संघ के फैसले में, सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित मौलिक अधिकार घोषित किया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

*(a)* केवल एक
*(b)* केवल दो
*(c)* सभी तीन
*(d)* कोई नहीं

**Q 40. अनुच्छेद 21ए के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अनुच्छेद 21ए में घोषणा की गई है कि राज्य छः से चौदह वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा।
2. यह प्रावधान केवल प्रारंभिक शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाता है।
3. इसे 86 वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा जोड़ा गया था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

*(a)* केवल 1 और 2
*(b)* केवल 2 और 3
*(c)* केवल 1 और 3
*(d)* 1, 2 और 3

**Q 41. मौलिक अधिकारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. मौलिक अधिकारों का वर्णन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12-35, भाग III में किया गया है।
2. संपत्ति के अधिकार (अनुच्छेद 31) को मौलिक अधिकारों की सूची से हटाकर 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा, संविधान के भाग XII में अनुच्छेद 301A के तहत एक सामान्य संवैधानिक अधिकार बना दिया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन- सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों
*(d)* न तो 1 और न ही 2

**Q 42. सहकारी समितियों से संबंधित प्रावधान किस अनुच्छेद में उल्लेखित है?**

*(a)* अनुच्छेद 14
*(b)* अनुच्छेद 15
*(c)* अनुच्छेद 19
*(d)* अनुच्छेद 21

**Q 43. अनुच्छेद 20 के संदर्भ में,निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. कोई विधि भूतलक्षी प्रभाव से लागू नहीं होगी।
2. इस अनुच्छेद के तहत अपराध के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण दीवानी एवं फौजदारी दोनों मामलों हेतु प्राप्त हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

*(a)* केवल 1 *(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों *(d)* न तो 1 और न ही 2

**Q 44. अनुच्छेद 20 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इसके तहत किसी अपराध के लिए किसी अभियुक्त को स्वयं के विरुद्ध साक्षी होने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।
2. स्वयं के विरुद्ध गवाही देने के संदर्भ में,केवल मौखिक साक्ष्य को संरक्षण प्राप्त है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों
*(d)* न तो 1 और न ही 2

**Q 45. भारतीय संविधान की प्रस्तावना किस ऐतिहासिक दस्तावेज के प्रभाव को दर्शाती है?**

*(a)* संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान।
*(b)* मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा।
*(c)* भारत शासन अधिनियम 1935
*(d)* इनमें से कोई नहीं।

**Q 46. पद्म पुरस्कारों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इन पुरस्कारों की स्थापना 1950 में की गई।
2. 1950 से अब तक यह पुरस्कार प्रतिवर्ष दिया जाता रहा है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों
*(d)* न तो 1 और न ही 2

**Q 47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग बी. पी. मण्डल की अध्यक्षता में गठित किया गया था।
2. द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग काका कालेलकर की अध्यक्षता में गठित किया गया था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

*(a)* केवल 1
*(b)* केवल 2
*(c)* 1 और 2 दोनों
*(d)* न तो 1 और न ही 2

**Q 48. अनुराधा भसीन वाद संबंधित है:**

*(a)* इंटरनेट शट्डाउन
*(b)* आरक्षण
*(c)* समलैंगिक अधिकार
*(d)* इनमें से कोई नहीं

**Q 49. निम्नलिखित में से किस वाद के अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66A को असंवैधानिक घोषित किया गया?**

*(a)* नवतेज सिंह जौहर वाद
*(b)* लिली थॉमस वाद
*(c)* श्रेया सिंघल वाद
*(d)* इनमें से कोई नहीं

**Q 50. निम्नलिखित में से कौन सा वाद आरक्षण से संबंधित नहीं है?**

*(a)* इंदिरा साहनी वाद
*(b)* एम. नागराजन वाद
*(c)* जरनैल सिंह वाद
*(d)* लिली थामस वाद